दिन–रविवार

दिनांक– 14/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधि – 05 मिनट

---

आज ऊर्जा संरक्षण दिवस है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली एक समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के पहले भारत ने अपनी स्वच्छ ऊर्जा वचनबद्धताओं को पूरा किया है। यह उन्नत ऊर्जा दक्षता और डी–कार्बोनाइजेशन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित नवीन पुलिस केन्द्र परिसर में केन्द्रीकृत रसोई–सह–भोजनालय और सात सौ क्षमता वाले पुरूष सिपाही बैरक का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना पुलिस केन्द्र में रहने वाले पुलिस बलों को अपनी ड्यूटी करने के साथ–साथ राशन और भोजन आदि की व्यवस्था करने में काफी कठिनाई होती थी। इस समस्या का समाधान करने के लिए पुलिस लाईन में जीविका दीदी की रसोई का शुभारंभ किया गया है। इससे यहां रहनेवाले लगभग तीन हजार पुलिस बलों को सस्ते दर पर पौष्टिक भोजन प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे समय और श्रम की बचत होने से पुलिसकर्मी बेहतर ढंग से अपनी ड्यूटी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस रसोई से लगभग एक सौ बीस जीविका दीदियों को रोजगार भी प्राप्त होगा। इस मौके पर उपस्थित उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस परिसर के निर्माण से पुलिसकर्मियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। श्री चौधरी ने कहा कि पुलिसकर्मियों को बैरक के रूप में एक सुंदर, स्वच्छ और उच्च स्तरीय आदर्श व्यवस्था बहाल हो गयी है।

———————————————————

दिल्ली के रामलीला मैदान में आज कांग्रेस की ओर से वोट चोरी के खिलाफ रैली का आयोजन किया गया। रैली में शामिल बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने आरोप लगाया कि बिहार में भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट चोरी की

है। उन्होंने कहा कि पार्टी लगातार इसके खिलाफ आंदोलन कर रही है। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी पूरे देश में वोट चोरी के खिलाफ अभियान चलाएगी। इधर, भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कांग्रेस की ओर से आयोजित रैली पर कहा कि राहुल गांधी पूरे देश में झूठ का प्रचार कर रहे हैं लेकिन इस देश में झूठ का कोई स्थान नहीं है। श्री जायसवाल ने कहा कि बिहार की जनता ने अपने मताधिकार से इस बात को साबित किया है। वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि वोट चोरी कोई मुद्द नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार चुनाव में बुरी तरह हारने के बावजूद कांग्रेस पार्टी व्यर्थ के मुद्दों पर बात कर रही है।

———————————————————

केंद्र सरकार ने वर्ष दो हजार छब्बीस में हज यात्रा के लिए सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर में हज करने के इच्छुक सभी संभावित तीर्थयात्रियों को सलाह दी गयी है कि वे अपनी बुकिंग काफी पहले ही सुरक्षित कर लें। इसके लिए पंद्रह जनवरी या उससे पहले अपनी बुकिंग औपचारिकताएं पूरी करना आवश्यक है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस सर्कुलर को साझा करते हुए लिखा है कि इससे बुकिंग करने में मदद मिलेगी और इस पवित्र यात्रा के लिए सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

———————————————————

अंडर–19 क्रिकेट एशिया कप में आज भारत का मुकाबला चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के साथ हो रहा है। दुबई में खेले जा रहे इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया है। ताजा समाचार मिलने तक भारत ने चौंतीस दशमलव तीन ओवर में छह विकेट के नुकसान पर एक सौ सत्तासी रन बना लिये हैं। पिछले मुकाबले में चौदह छक्के मारने वाले वैभव सूर्यवंशी सिर्फ पांच रन बनाकर आउट हो गए।

———————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की गयी है। आज किशनगंज में सबसे कम न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले दो दिनों के दौरान ठंड में और बढ़ोतरी हो सकती है। विभाग ने कहा है कि सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा भी छाया रहेगा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।